>

Title : Need to maintain the standard of hygiene in 'Sapt Kranti Express' running between Delhi and Mujaffarpur.

**श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया):** सदन के माध्यम से सूचित करना पड़ रहा है कि नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर तक चलने वाली सप्तक्रांति एक्सप्रेस में प्रायः साफ-सफाई का अभाव रहता है और बाथरूम भी पर्याप्त रूप से साफ नहीं रहते हैं। वातानुकूलित डिब्बों में जो कम्बल, चादर एवं तौलिया दिया जाता है, वे भी साफ नहीं रहते हैं। इन तथ्यों को कई बार रेलवे विभाग की जानकारी में लाया गया है, फिर भी परिस्थितियां वैसी की वैसी हैं।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उक्त रेल सेवा में सफाई की समुचित व्यवस्था हो और साफ कम्बल, चादर एवं तौलियों की व्यवस्था की जाये।